सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 74 | इंदौर, गुरुवार 26 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## श्राद्ध पक्ष में जरूर करें यह कार्य

अभी पितृ पक्ष चल रहा है। अपने घर के लोग जो गुजर गये हैं। उनकी आत्मा को शांति देने के लिए इतना जरूर करें कि अब सर्व पितृ अमावस्या आयेगी, (02 अक्टूबर 2024 बुधवार को) उस दिन गीता का 7 अध्याय पाठ करें, सूर्य भगवान के सामने जल और अन्न ले जाकर प्रार्थना करें किः 'हे सूर्यदेव, यमराज आपके पुत्र हैं, हमारे घर के जो भी गुजर गये उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें, आज के गीता के पाठ का पुण्य उनके लिए दीजिये' पितृ गण राजी होंगे, घर में अच्छी संतान जन्म लेगी यह सर्व पितृ अमावस्या के दिन जरूर करें।

।। शुभम भवतु कल्याणं ।।

-बाबापण्डित (http://www.babapandit.com)

## हेड कॉन्स्टेबल ने थप्पड़ मारे, कहा- जिंदा गाड़ दूंगा

### रीवा में थाने में युवक से की बदसलूकी; वीडियो सामने आने पर सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, (एजेंसी)। रीवा में हेड कॉन्स्टेबल ने थाने में युवक को चांटे मारे। उससे कहा-जिंदा गाड़ दूंगा। घर से उठवा कर नहर में फिंकवा दूंगा। पता नहीं चलेगा तेरा। बेटे से कहकर यहीं मरवा दूंगा। मामला 20 सितंबर को समान थाने का है। पुलिस ने युवक को बाइक चोरी मामले में खात्मा रिपोर्ट देने के लिए बुलाया था।**

युवक ने बुधवार को एसपी विवेक सिंह से इसकी शिकायत की। मोबाइल से बनाया गया वीडियो भी दिया। वीडियो देखने के बाद एसपी ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल हेमंत शुक्ला को सस्पेंड कर दिया है।

समान थाना इलाके के रहने वाले प्रियांशु कुशवाहा ने बताया, दिसंबर 2023 में नई बाइक चोरी हो गई थी। इसकी शिकायत थाने में की थी। किस्त भी भर रहा हूं। उम्मीद थी कि पुलिस बाइक खोज लेगी लेकिन आज तक बाइक नहीं मिली। न ही आरोपी गिरफ्तार हो सका।

### आते ही पीटने लगे, दी गालियां

प्रियांशु ने बताया, आखिर में बीमा क्लेम के लिए पुलिस से खात्मा रिपोर्ट मांगी। पुलिस चक्कर लगवा रही थी। इसी सिलसिले में 20 सितंबर को हेड कॉन्स्टेबल हेमंत शुक्ला को कॉल किया। पहली बार नहीं रिसीव किया तो दोबारा लगाया। दूसरी बार में कॉल रिसीव करते ही हेड कॉन्स्टेबल भड़क गए। उन्होंने गालियां देना शुरू कर दीं। गुस्से में मैंने भी खरी-खोटी सुना दी। थोड़ी देर बाद उन्होंने थाने आने के लिए कहा। मैं शाम को थाने पहुंचा। काफी देर बाद हेड कॉन्स्टेबल शुक्ला आए। नाम बताते ही गालियां देते हुए चांटे मारे। जिंदा गाड़ने की धमकी भी दी।

### मोबाइल में रिकॉर्ड किया वीडियो

प्रियांशु ने कहा, मारपीट की आशंका के चलते मैंने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। हेड कॉन्स्टेबल गालियां देते हुए लगातार जान से मारने की धमकी दिए जा रहे थे। एसपी विवेक सिंह ने कहा, ह्यवीडियो में पुलिसकर्मी फरियादी से अभद्र व्यवहार करता दिख रहा है। उसे सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मक्सी उपद्रव- चार थानों की पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ा

## दो पक्षों के बीच विवाद में घायलों को इलाज के लिए इंदौर लाए

### पुलिस पर भी किए फायर, बड़ी संख्या में बल तैनात





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। जिले के मक्सी में बुधवार रात को दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान फायरिंग और पथराव भी किया गया। बताया जा रहा है कि उपद्रव में अमजद (40) पिता अजीत खान की मौत हो गई है। 7 लोग घायल हैं, जिन्हें इंदौर रेफर किया गया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 163 लगाई है।**

मामला शहर के बल्डी मोहल्ले का है, जहां दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से जमकर पत्थर चले। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी भीड़ ने पत्थर फेंके। भीड़ को खदेडऩे के लिए मक्सी पुलिस को कई राउंड फायर करने पड़े।

चार थानों के पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। कलेक्टर ऋजु बाफना, एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एसडीएम और तहसीलदार समेत कई अधिकारी भी मक्सी पहुंचे। फिलहाल, शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सीएम ने ली जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना के संबंध में दिल्ली से फोन पर उज्जैन आईजी और कमिश्नर से जानकारी ली। सीएम के निर्देश पर उज्जैन आईजी और कमिश्नर ने घटनास्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। एसडीएम ने मक्सी में भीड़ जमा होने और सोशल मीडिया पर भडक़ाऊ मैसेजेस पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।



### पथराव में ये घायल

1. अरजान (14) पिता आरिफ
2. जुनैद खान (45) पिता साबिर खान
3. इकबाल खान (48) पिता मुस्तफिर
4. अहूजर (24) पिता साबिर
5. अल्ताफ (26) पिता साजिद
6. अरबाज पिता शकील
7. रेहान (15) पिता इरशाद

### मारपीट के बाद बिगड़ा माहौल

सूत्रों के मुताबिक, सोमवार देर रात शहर के बाल्डी मोहल्ले में समीर मेव के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी थी। इसकी सूचना पर नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि महेंद्र सिंह पटेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान वहां तनाव का माहौल बन गया था। दोनों पक्ष के लोग बड़ी संख्या में थाने पर इक_ा हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मारपीट के आरोपियों पर केस दर्ज किया था। मंगलवार को आरोपी पक्ष के लोग शाजापुर में एसपी ऑफिस पहुंच गए और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। बुधवार रात को हुआ विवाद भी इसी से जुड़ा बताया जा रहा है। विवाद कैसे शुरू हुआ, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### आईजी ने कहा- सीसीटीवी फुटेज देख रहे

आईजी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूरे घटनाक्रम को देखने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एसपी और उनकी टीम ने प्रारंभिक आकलन कर लिया है। जो भी कानून व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करेगा या उसमें बाधा उत्पन्न करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री बोले- हर कीमत पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखा जाएगा

शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि कलेक्टर, एसपी से घटना को लेकर चर्चा की है। हर कीमत पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखा जाएगा।

# बगीचे की जमीन पर बने मंदिर को तोड़ने की कोशिश

## रहवासियों का आरोप गुंडे बुलडोजर लेकर पहुंचे, कॉलोनाइजर के आफिस में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **द्वारकापुरी में विदुर नगर के 80 हजार वर्ग फीट पर बने बगीचे की जमीन पर मंगलवार को विवाद हो गया। यहां पर मंदिर और बगीचे की जमीन को खाली कराने पहुंचे गुंडों का रहवासियों ने विरोध किया। इस दौरान एक युवक को रहवासियों ने पकड़ लिया। इसके बाद कलोनाइजर के ऑफिस पर जाकर लोगों ने हंगामा किया। इस मामले में एसीपी अन्नपूर्णा को करीब 200 से ज्यादा रहवासियों ने हस्ताक्षर कर शिकायत की है। उन्होंने जांच की बात कही है।**

मामला विदुर नगर का है। यहां खाली पड़े 80 हजार वर्गफीट बगीचे की जमीन को लेकर कलोनाइजर बाबू उर्फ राजकुमार खतूरिया, पुरुषोतम और नवीन राम ख्यानी की शिकायत लेकर कॉलोनी के लोग अन्नपूर्णा एसीपी नंदिनी शर्मा के पास पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि यह जमीन बगीचे की है। जिस पर हनुमान मंदिर बना हुआ है। जो विदुर नगर के नक्शे में भी है। यहां मंगलवार को भूपेन्द्र सेंगर और मोहन पटेल जेसीबी लेकर पहुंचे। वे गुंडों के साथ मंदिर तोडऩे आए थे। उन्होंने बगीचे के आसपास के पोल भी जेसीबी से हटा दिए। इस दौरान रहवासी इक_ा हो गए। उन्होंने विरोध किया तो मोहन पटेल भाग गया। जबकि भूपेन्द्र को लोगों ने पकड़ा तो उसने राजकुमार खतूरिया और पुरुषोतम से बात कराई। उन्होंने जमीन कॉलोनी की होने की बात लोगों से की।

### आफिस पर हंगामा करते रहे लोग

रहवासियों ने बताया कि विदुर नगर में कॉलोनाइजर बाबू उर्फ राजकुमार खतूरिया का रुद्र कंस्ट्रक्शन के नाम से ऑफिस है। जमीन खाली कराने आए भूपेन्द्र को पकडक़र रहवासी बाबू के ऑफिस पहुंच गए। यहां हिंदूवादी नेता पप्पू कोचले भी थे। उन्होंने कहा कि मंदिर हटवाकर यहां पर धार्मिक भावनाओं का अपमान किया जा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि गुंडो के साथ मिलकर लोग इस जमीन पर प्लॉट काटना चाहते हैं। जबकि यह बगीचे की जमीन है। तीन दिन पहले भी लोगो का यहां पर विवाद हुआ था।

# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 19 संकुल स्तरीय संगठनों का गठन

## मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीयन भी कराया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व सहायता समूहों के संकुल स्तरीय संगठनों की आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में स्व सहायता समूहों के परिसंघों के वैधानिक दायित्वों को पूर्ण करने हेतु उक्त साधारण सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 19 संकुल स्तरीय संगठनों का गठन किया गया है। यह संगठन मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत कराये गये है।

संकुल स्तरीय संगठनों द्वारा आयोजित आम सभा में बड़ी संख्या में समूहों सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा हैं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बैंकर्स द्वारा भी प्रतिभाग किया जा रहा है। संकुल स्तरीय संगठन की आम सभा में सर्वप्रथम विगत वित्त वर्ष में किये गये आय व्यय का लेखा जोखा साधारण सभा में समस्त के समक्ष वाचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण आजीविका मिशन के नियमों के तहत अन्य समस्त वैधानिक कार्यवाहियां उपरोक्त साधारण सभा के दौरान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई लखपति दीदी अभियान के दौरान की गयी कार्यवाही व भविष्य की कार्ययोजना पर भी उपरोक्त साधारण सभा में उपस्थित समस्त के समक्ष चर्चा की जा रही है।

उपरोक्त साधारण सभा में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि भी आम सभा में सम्मिलित हुए। साधारण सभा के मंच का उपयोग विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रत्येक समूह तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही हर साधारण सभा में स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत वृहद स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों एवं संवाद का आयोजन किया जा रहा है।

#### स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

## बेक लाइन में रहवासी संघ ने महापौर के साथ खेला क्रिकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुधवार को वार्ड क्रमांक 44 एमआईजी कॉलोनी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इसके तहत इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं महापौर प्रतिनिधि पूर्व पार्षद रुपेश देवलिया के नेतृत्व में स्वच्छता का संदेश हुए बेक लाइन को सुंदर बनाया गया कि वहां बैठकर खाना भी खा सकते है। बेक लाइन में महापौर की टीम और रहवासी संघ की टीम ने क्रिकेट भी खेला, जिसमें महापौर की टीम जीत गई। इस मौके पर पॉलिथीन पर रोक लगाने के लिए जुट के बेग भी बांटे गए। राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतन सिंह राजपूत, रहवासी संघ अध्यक्ष गजराज सिंह सोलंकी, राजपूत समाज चेतना मंडल के सचि एवं वीर सावरकर मंडल के उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, रुपेश देवलिया का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर पंकज तिवारी, मंजू सोनी, गीता राजपूत, राजेश तिवारी, दिनेश गर्ग, शशिधर पेंडसे आदि उपस्थित थे।

#### आयुष्मान योजना बनी वरदान

# किडनी से पीडि़त युवती को मिला जीवनदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान योजना वरदान बन रही है। इस योजना से जटिल रोगों से पीडि़त व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। इलाज समय पर मिल जाने पर बीमारों को जीवनदान मिल रहा है। इन्हीं में से एक है इंदौर की युवती जो किडनी में समस्या आ जाने से बेहद परेशान थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वह इलाज के बारे में सोच भी नहीं पा रही है। समय पर उसे आयुष्मान योजना की जानकारी मिली। उसने कार्ड बनवाया। उसका इलाज हो गया। उसे नया जीवनदान मिला।

इंदौर की युवती ज्योति(परिवर्तित नाम) के किडनी में संकुचन आ गया। डॉक्टरों ने लगभग 8 लाख रुपये का खर्च बताया। खर्च सुनते ही अपने आप को गहरे संकट में महसूस किया। सोचा आर्थिक स्थिति कमजोर है, इलाज कैसे करा पायेंगे। कुछ दिन बीते वह पुनः डॉक्टर के पास पहुंची। डॉक्टर को अपनी समस्या बताई। इस दौरान उसे आयुष्मान योजना की जानकारी दी गई। उसने प्रक्रिया कर कुछ दिन में ही अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लिया। आयुष्मान कार्ड के आधार पर उसका मंहगा इलाज निःशुल्क हो गया। इलाज के दौरान एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ। अस्पताल द्वारा दवाईयों के साथ मरीज और अटेंडर परिजन को भोजन भी दिया गया। आज यह युवती और उसके परिजन बेहद खुश है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यह योजना हमारे लिए वरदान बनी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। आयुष्मान भारत योजना एक विशाल स्वास्थ्य बीमा योजना है। यह योजना लाभार्थियों को मुफ्त चिकित्सा बीमा प्रदान करती हैं। इस योजना के माध्यम से कार्डधारियों को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण हेतु प्रश्न बैंक का विमोचन किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा प्रश्न बैंक पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। जिला शिक्षा केन्द्र के द्वारा विद्यार्थियों के लाभ हेतु कठिन अवधारणाओं को सीखने के प्रतिफलों पर आधारित प्रश्न बैंक का निर्माण इंदौर ग्रामीण के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री हरिओम वैष्णव के मार्गदर्शन, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक श्रीमती शिल्पी मेहरोत्रा शिवान के निर्देशन एवं सहयोग से किया गया है। प्रश्न बैंक में विज्ञान, गणित की कठिन अवधारणाओं को बच्चों को आसानी से समझाने के लिए विशेष प्रयास किया गया है। प्रश्न बैंक को समस्त विद्यालयों में भेजा जाएगा। विमोचन अवसर पर इंदौर जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती शीला मेरावी, जिला अकादमिक समन्वयक श्री विवेक शर्मा, इंदौर ग्रामीण विकासखंड समन्वयक श्री हरिओम वैष्णव, शहरी-2के श्री राजेन्द्र तंवर, प्रश्न बैंक निर्माण की निर्देशक श्रीमती शिल्पी मेहरोत्रा शिवान एवं एनएएस प्रभारी श्री जितेंद्र राठौड़ उपस्थित थे।

## भिक्षावृत्ति करते हुए पाये जाने पर 12 भिक्षुकों को रेस्क्यू किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान के अंतर्गत प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह के निर्देशानुसार भिक्षुकों को रेस्क्यु किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज खजराना मंदिर चौराहे पर भिक्षावृत्ति करते हुए पाये जाने पर 12 महिला- बच्चों एवं वृद्धों को रेस्क्यू किया गया। उल्लेखनीय है की इसके पूर्व 23 सितंबर को अन्नपूर्णा मंदिर से 10 भिक्षुक एवं 04 बच्चे तथा 24 सितंबर को चिड़ियाघर के सामने बालाजी मंदिर से भी 12 भिक्षुकों को भिक्षावृत्ति करते हुए पाये जाने पर रेस्क्यू किया गया था। उक्त कार्यवाही नगर निगम एवं महिला बाल विकास की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। संयुक्त टीम के दलों द्वारा आज खजराना मंदिर चौराहे पर 12 महिला-बच्चों एवं वृद्धों को भिक्षावृत्ति करते हुए पाये जाने पर रेस्क्यु किया गया। इंदौर को जिला प्रशासन ने भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए कठोर रवैया अपनाते हुए भिक्षा देने और भिक्षा मांगने दोनों के प्रति कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया है। आगामी दिनों में ऐसी ही कार्यवाही लगातार अन्य चौराहे एवं धर्म स्थलों में जारी रहेगी।

# समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की तैयारियां प्रारंभ

## किसानों के पंजीयन का कार्य भी हुआ शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसी सिलसिले में किसानों के पंजीयन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी जायेगी।

किसानों से आग्रह किया गया कि वे निर्धारित समय अवधि में अपना पंजीयन अवश्य करवा ले। बताया गया कि इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी के संबंध में 48 प्राथमिक सहकारी समितियों को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर आवश्यक दस्तावेज सहित पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इन केन्द्रों पर पंजीयन निःशुल्क होगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, कामन सर्विस सेंटर अथवा लोक सेवा केन्द्र, सायबर कैफे के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। किसानों का पंजीयन 20 अक्टूबर तक किया जायेगा। पंजीयन के समय आधार कार्ड, खसरा नकल एवं बैंक पासबुक की प्रति पोर्टल पर अपलोड करना होगी। ?सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवर सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर ही उपलब्ध होगी।

# इंदौर के बुजुर्गों को कराई जायेगी अमृतसर की यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के बुजुर्गों को अमृतसर की यात्रा कराई जायेगी। इसके लिए इंदौर से 21 अक्टूबर को विशेष ट्रेन रवाना होगी। यात्रा का सभी खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। यात्रा के इच्छुक 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इंदौर जिले से 200 यात्रियों को यात्रा कराने का लक्ष्य है। आवेदन पत्र इंदौर नगर निगम के झोनल कार्यालयों, जिले के अन्य नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत कार्यालयों में जमा किये जा सकते हैं। प्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकरदाता नहीं है और 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं योजना का लाभ ले सकेंगे। यह यात्रा 24 अक्टूबर को पुनः इंदौर आयेगी।

# 7 बदमाशों की जमानत कराई निरस्त

## 4 पर पिट एनडीपीएस की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त रोकने पुलिस ने आपरेशन ईगल क्ला अभियान चला रखा है। जोन 2 के थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर बांड ओवर का उल्लंघन कर दोबारा अपराध करने वाले 7 बदमाशों की जमानत निरस्त कराई। इस दौरान 4 तस्करों पर पिट एनडीपीएस की कार्रवाई की गई। अभियान में जनवरी से अब तक 26 बदमाशों को जिलाबदर तथा 92 को बांड ओवर का उल्लंघन करने के मामले में पकड़ा। लूट, डकैती, नकबजनी के मामलों में फरार और इनामी बदमाशों की तलाश में टीम जुटी हुई है।**

### यहां चलाई पुलिस ने मुहिम

थाना परदेशीपुरा ने भेरु बाबा मंदिर के पास पुरानी राजकुमार सब्जी मंडी से परसराम मेघवाल निवासी प्रतापगढ़, 2 धर्मेन्द्र चौहान निवासी रतलाम से 7 करोड़, 69 लाख 50 हजार की ब्राउन शुगर जब्त की। अभियान के दौरान परदेशीपुरा ने 12, एमआईजी ने 14, विजयनगर ने 17, लसुडिया ने 12, खजराना ने 19, कनाडिया ने 8, तिलकनगर ने 4 ड्रग पेडलरों को पकड़ा।

एमआईजी पुलिस ने विशाल उर्फ विक्की धीमान निवासी बड़ी ग्वालटोली, राजसिंह भीमराज निवासी खटीक मोहल्ला बड़ी ग्वालटोली से 55 लाख की 550 ग्राम ब्राउन शुगर,95 हजार रुपए नकद तथा कार जब्त की। इसी प्रकार 21 बदमाशों से चार लाख 41 हजार 150 का 42 किलो 500 ग्राम गांजा पकड़ा।

### इन पर भी गिरी गाज

11 बदमाशों से 8 करोड़ 73 लाख 4 हजार की 8 किलो 314 ग्राम ब्राउन शुगर, 10 युवकों से पांच लाख 37 हजार 300 रुपए की 135 ग्राम 7 मिलीग्राम मेफोड्रोन ड्रग्स, 132 मादक पदार्थ का सेवन करने वाले पकड़ाए। 151 युवकों से 575 लीटर देशी शराब, 20 से 1586 लीटर विदेशी शराब, एक से स्प्रिट, 5 लीटर केमिकल युक्त शराब एवं 67 से 277 लीटर हाथभट्टी की शराब पकड़ी। जब्त शराब की कीमत 5 लाख 84 हजार 75 रुपए है। एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कुल 42 किलो 500 ग्राम गांजा, 08 किलो 314 ग्राम ब्राउन शुगर, 135 ग्राम 07 मिलीग्राम मेफोड्रोन, 55 ग्राम एमडी, 225 अल्प्राजोलम टेबलेट (15 पत्ते) जप्त किया गया है। इस तरह कुल 8 करोड़ 73 लाख 40 हजार 180 रुपए का मादक पदार्थ पुलिस ने पकड़ा।

### भीड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग

इसके साथ जोन 2 के थाना क्षेत्रों में कार्डन एंड सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभियान में मुख्य मार्गों पर फिक्स पाइंट लगाए गए। पेट्रोलिंग पार्टी के साथ ऐसी भीड़ वाली दुकानों, जहां बड़ी संख्या में युवा वर्ग एकत्रित होते हैं उन स्थानों को हॉट स्पाट के रूप में चिन्हित किया गया।

## नशे के प्रति लोग जागरूक, पुलिस को दी तस्कर की सूचना

### एक किलो गांजा के साथ पकड़ाया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नशा नाश का कारण है। पुलिस की इस जागरूक पहल का असर अब आमजन पर होने लगा है। यही कारण है कि मंगलवार को संयोगितागंज थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने पुलिस को तस्कर की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तस्कर को गांजे के साथ पकड़ा। संयोगितागंज के सहायक पुलिस आयुक्त तुषार सिंह और थाना प्रभारी सतीश पटेल ने शुक्ला नगर के रहवासियों से सीधा संवाद किया था। वहीं पर कुछ लोगों ने सूचना दी थी कि क्षेत्र का रहने वाला अमित उर्फ गब्बा गांजा बेचता है। अमजन द्वारा जानकारी देने पर पुलिस ने टीम गठित कर चंद घंटों में ही गब्बा पिता सतीश वानखेड़े को मादक पदार्थ बेचने रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके पास से एक किलो 99 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी से अवैध गांजा खरीदने, बेचने के संबंध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

## आरोपियों ने कबूली नकबजनी की कई वारदातें

# दो साथियों के साथ दिया था अंजाम, लाखों का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिय़ा पुलिस ने चोरों के सरगना को पकड़ा और सख्ती से पूछताछ की तो उसने नकबजनी के कई मामले बताए। वारदात में दो साथियों की मदद लेता था। आरोपी के कब्जे से लाखों का माल बरामद हुआ है। लसूडिय़ा थाना क्षेत्र में निरंतर क्लासिक टाउनशिप, राज टाउनशिप तथा स्कीम 78 स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चोरी की वारदातें हो रही थी। इन घटनाओं ने पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी थी। तमाम प्रयासों के बाद भी पुलिस के सफलता हाथ नहीं लग रही थी। वारदात में शामिल बदमाशों को पकड़ने जब पुलिस ने घटना स्थलों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो ज्ञात हुआ कि सभी अपराध एक ही गिरोह कर रहा है। घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जोन दो के पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने टीम गठित की थी। टीम को मुखबीर से सूचना मिली की पुराना शातिर चोर पवन ओसेल क्षेत्र में फिर सक्रिय है। यदि उसे पकड़ाया जाए तो बड़ी सफलता मिल सकती है। इसके बाद निरंजनपुर चौराहे पर अपने साथियों के साथ खडे बदमाश पवन निवासी कैलोद हाला कांकड़ को पकड़ा। उसने राकेश खंडेलवाल निवासी कैलोद हाला कांकड़ एवं अपचारी बालक के साथ चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से सोने की दो चेन, कान के टॉप्स, सोने की अंगूठी, बिछिया, एक जोड़ कड़े, लैपटॉप, मोबाइल, बर्तन, गैस चूल्हा, चांदी के 7 सिक्के, सोने की चेन, 8 हजार रुपए नकद, तांबे के दो घडियाल जब्त किए।

# बिहार, महाराष्ट्र में मिले गुम हुए 64 मोबाइल, वापस कराए

## सिटीजन कॉप एप्लीकेशन में आई थी शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के लोगों के गुम हुए मोबाइल बिहार, महाराष्ट्र और अन्य प्रदेशों में चलते पाए गए। इन मोबाइलों की शिकायत सिटीजन कॉप एप्लीकेशन पर आई थी। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने 64 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को वापस कराए। महंगे मोबाइल पाकर उनके मालिकों के चेहरे पर मुस्कुराहट दौड़ पड़ी। वापस लौटाए गए मोबाइलों की कीमत 20 लाख रुपए है। जनवरी से अब तक पुलिस 769 गुम मोबाइल आवेदकों को वापस करा चुकी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया के अनुसार, बरामद मोबाइलों में 1 आईफोन, 5 वन प्लस, 5 सेमसंग, 8 ओप्पो, 18 वीवो, 9 रेडमी, 12 रियल मी, 2 पोको, 1 टेक्नो, 2 आईक्यू, 1 लावा कंपनी का है। इस एप्लीकेशन में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के संपर्क नम्बर के अलावा अन्य महत्वपर्ण फीचर जैसे किसी घटना के संबंध में सीधे आनलाइन शिकायत अथवा पुलिस तक सूचना पहुंचाए जाने रिपोर्ट इन इंसीडेंट और किसी वस्तु चोरी अथवा गुम होने पर पुलिस में आनलाइन शिकायत दर्ज कराने जाने रिपोर्ट लास्ट आर्टिकल की सुविधा मुहैया कराई गई है। इस कार्यप्रणाली की आनलाइन पद्धति होने से आवेदक को अब थाने अथवा अन्य कार्यालयों में गुम मोबाइल का आवेदन नही देना होगा। आवेदक द्वारा की गई संपत्ति गुम-चोरी होने की शिकायत पर क्राइम ब्रांच की सायबर सेल टीम द्वारा आनलाइन शिकायत के परिप्रेक्ष्य में पतारसी की जाती है।

## दो स्थानों से हजारों की शराब पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। थानों की पुलिस ड्रग तस्करों को पकड़ रही है तो आबकारी विभाग अवैध शराब के कारोबारियों की धरपकड़ में लगी है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में विनोद पिता हरनाम ठाकुर निवासी पिगडंबर के घर से 49.5 बल्क लीटर देशी और 6.75 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जब्त की। इसी प्रकार यहीं की रहने वाली सुगन बाई पति यशवंत के घर से 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा पकड़ी। जब्त शराब की कीमत 36 हजार 830 रुपए है।

# अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा का पहला न्यौता बड़ा गणपतिजी को समर्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज पश्चिम क्षेत्र द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5148वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार 29 सितम्बर की शाम को अखंडधाम आश्रम से निकलने वाली अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा का पहला न्यौता बुधवार को बड़ा गणपति को समर्पित किया गया। पालकी यात्रा के समापन पर रविवार को पश्चिमी क्षेत्र की सेवाभावी और समर्पित संस्थाओं के सम्मान का निर्णय भी लिया गया है।

आयोजन से जुड़े समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले एवं किशोर गोयल ने बताया कि बुधवार को बड़ा गणपतिजी को पहला न्यौता इस प्रार्थना के साथ समर्पित किया गया कि वे समाज और शहर में सुख-शांति और समृद्धि को कायम रखें। इस अवसर पर राजेश बंसल एवं गोल्ड क्वाइन ट्रस्ट के संजय अग्रवाल सहित पश्चिमी क्षेत्र के अग्रवाल संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर यह निर्णय भी लिया गया कि रविवार को पालकी यात्रा के पंचकुइया राम मंदिर पहुंचने पर पश्चिमी क्षेत्र की सेवा भावी और समर्पित संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा। उधर, समूचे पालकी यात्रा मार्ग को केशरिया पताकाओं से सजाने का काम भी शुक्रवार से शुरू कर दिया जाएगा। वर्षा की संभावना को देखते हुए पालकी यात्रा के स्वागत की तैयारियां इस ढंग से की जा रही हैं कि स्वागत सामग्री को क्षति नहीं पहुंचे।

## मां से मिलने आया पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मादक पदार्थ बेचने, खरीदने वालों पर शिकंजा कसने जोन 4 में मुहिम चलाई जा रही है। इस दौरान द्वारकापुरी पुलिस को ऐसा बदमाश हाथ लगा, जिसे 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया था। वह अपनी मां से मिलने पहुंचा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सहायक पुलिस आयुक्त नंदिनी शर्मा ने बताया कि फरार और इनामी बदमाशों को पकडने टीमें गठित की गई है। टीम को मुखबीर से सूचना मिली की जिलाबदर का आरोपी आलोक पिता केशरसिंह डाबर अपनी मां से मिलने ऋषि पैलेस कालोनी आया है। तत्काल पुलिस की टीम को ऋषि पैलेस कालोनी रवाना किया गया। यहां से बदमाश को पकड़ा। उसे एक अगस्त को जिलाबदर किया गया था।

# रेती मंडी से बाहर खड़े 12 ट्रक जब्त, खनिज विभाग और आरटीओ भी करेगा कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में बालू रेत के ट्रक खड़े करने प्रशासन ने स्थान का निर्धारण किया है। यह स्थान देवगुराडिया के पास नेमावर रोड है। लेकिन, रेत माफिया और ट्रक चालक प्रशासन के आदेशों का खुला उल्लंघन कर यहां-वहां वाहन खड़े करते हैं, जिससे ट्रेफिक व्यवस्था चरमरा जाती है। ऐसे ट्रक चालकों को कार्रवाई के आदेश प्रशासन ने जारी किए थे। बुधवार को एसडीएम के नेतृत्व में यातायात पुलिस, राजस्व अमला, खनिज विभाग, आरटीओ और नगर निगम ने संयुक्त अभियान चलाया। ट्रेफिक के एसीपी हिंदूसिंह मुवेल और कल्याणी ने देवगुराडिया रोड से 12 ट्रकों को जब्त किया। जब्त वाहनों पर खनिज अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई। ट्रेफिक पुलिस की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।



# सांड की टक्कर से मौत, रोड पर शव रखकर प्रदर्शन

## रहवासियों ने किया चक्काजाम, अधिकारियों को चूड़ियां दिखाईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम ,(एजेंसी)। रतलाम में दो दिन पहले सांड की लड़ाई में घायल हुए बुजुर्ग की बुधवार सुबह मौत हो गई। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के खिलाफ आक्रोश है। रहवासियों ने संत रविदास चौक में बीच सड़क पर शव रख कर चक्काजाम किया। लोग अवैध तबेले हटाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि महापौर और अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।**

हंगामा स्थल पर एसडीएम से लेकर निगम कमिश्नर समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। क्षेत्रवासियों और एसडीएम अनिल भाना में बहस भी हुई। लोगों ने एसडीएम पर गाली-गलौज का भी आरोप लगाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए महापौर प्रहलाद पटेल भी पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने महापौर और निगम अफसरों को चूड़ियां दिखाईं। महापौर प्रहलाद पटेल ने परिजनों और रहवासियों से वादा किया है कि अवैध तबेलों पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, रविवार को वार्ड 23 के तेजानगर ब्लॉक नंबर 2 निवासी मोहनबाई (75) पति ज्ञानसिंह गुगलिया, उनके बेटा राजेश (55) पर घर के बाहर बैठे थे। अचानक सांड लड़ते आए और हमला कर दिया। घटना में मां-बेटे दोनों घायल हो गए। मां को प्राथमिक उपचार कर रविवार को ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था, जबकि राजेश जिला अस्पताल में भर्ती था। बुधवार सुबह 6 बजे राजेश की मौत हो गई। बताया जाता है कि राजेश को अंदरूनी चोट लगी थी।

मृतक राजेश फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी दो छोटी बहन कविता पति रितेश गोदावत, संगीता पति राजेश मेहता है। बहन कविता ने बताया कि दो दिन तक भाई अस्पताल में भर्ती रहा। किसी अधिकारी ने आकर नहीं पूछा।

### आवारा मवेशियों पर ध्यान नहीं

राजेश की मौत के बाद क्षेत्रवासियों में नगर निगम के खिलाफ गुस्सा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वार्ड में लगातार आवारा मवेशी घूमते रहते है, लेकिन नगर निगम ध्यान नहीं देता। क्षेत्र के पार्षद अक्षय संघवी ने बताया कि क्षेत्र के राजेश गुगालिया को दो दिन पूर्व सांड ने हमला कर दिया था। आज सुबह उनका निधन हो गया।

### 4 महीने पहले एक बुजुर्ग महिला की हुई मौत

इससे पहले भी रतलाम में दो सांडों की लड़ाई में 4 माह पूर्व भी एक बुजुर्ग महिला की मौत हो चुकी है। शुक्रवार शाम टाटा नगर शांताबाई (60) घर के बाहर बाटी सेंक रही थी। तभी दो सांड लड़ते हुए महिला पर गिर गए।

घटना में घायल महिला को अगले दिन सुबह परिजन अस्पताल लेकर गए थे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कुछ दिन तक नगर निगम ने सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई भी की थी।

### अवैध तबेले तोड़े जाएंगे, प्रकरण भी दर्ज करवाएंगे

नगर निगम कमिश्नर हिमांशु भट्ट ने कहा कि किसी का भी पशु बाहर पाया जाएगा, तो उसे पकड़ लिया जाएगा। जिनके पास तबेले नहीं है, उनके खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई की जाएगी बल्कि प्रकरण दर्ज करवाएंगे। घटना में मुआवजे का प्रावधान नहीं है।

# सुल्ताना डाकू से की टंट्या मामा की तुलना, यूट्यूबर ने मांगी माफी

## नेता प्रतिपक्ष बोले- आदिवासियों की भावनाएं आहत हुईं, सरकार लीगल एक्शन ले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)।** एफएम रेडियो के आरजे (रेडियो जॉकी) और यूट्यूबर रौनक के वीडियो पर विवाद छिड़ गया है। आरजे रौनक ने अपने वीडियो में टंट्या मामा की तुलना सुल्ताना डाकू से की है। 6 सेकंड के वीडियो को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आरजे रौनक के यूट्यूब वीडियो पर विवाद छिड़ा, तो उन्होंने हैंड पर पर माफी मांगी। आरजे रौनक ने लिखा- दोस्तो, यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए हमारे ताजा वीडियो में महान आदिवासी क्रांतिकारी श्री टंट्या भील जी की तस्वीर गलत संदर्भ में प्रयोग हो गई थी। जैसे ही, इस ओर ध्यान दिलाया गया, हमने फौरन इसे हटा लिया। अनजाने में हुई इस भूल के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- कृत्य माफी योग्य नहीं

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी हैंडल पर लिखा- मेरे आदिवासी समाज के देवता तुल्य टंट्या मामा के बारे में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले यूट्यूबर फख रौनक का कृत्य माफी योग्य नहीं है। यूट्यूबर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी समाज के सर्वाधिक सम्मानीय टंट्या मामा के बारे में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, वो क्षमा योग्य नहीं है। अपनी अज्ञानता का प्रदर्शन करते हुए, उन्हें जो कहना था, वो कह दिया। कला और मनोरंजन की आड़ में अपमान करना अपराध की श्रेणी में आता है। आपत्ति उठी तो माफी मांगकर वीडियो हटा लिया। लेकिन, उन्होंने जो कहा उस गलती की सजा तो मिलना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई आदिवासियों की भावना के साथ खिलवाड़ न करे।

### यूट्यूब चैनल बंद करवा कर कार्रवाई करे सरकार

उमंग सिंघार ने सरकार से मांग करते हुए लिखा- केंद्र सरकार का सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तत्काल कार्रवाई करते हुए रौनक का यूट्यूब चैनल बंद कराए। कानूनी कार्रवाई करे, ताकि ऐसी भ्रामक, अनर्गल, अपमानजनक टिप्पणी करने वालों को सबक मिले। जो हुआ वह देश के सभी आदिवासी समाज का अपमान है।

# महाकाल मंदिर परिसर में केक काटा, 10 कर्मचारी सस्पेंड

## महिलाकर्मी का बर्थडे था; पुजारी बोले- यह नियमों के खिलाफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,(एजेंसी)। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर परिसर में कर्मचारियों ने केक काटकर सहकर्मी युवती का बर्थडे सेलिब्रेट किया। मामला मंगलवार का है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया। जिसके बाद मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ के निर्देश पर 10 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, पुजारी ने भी इसे धार्मिक मान्यताओं के उलट बताया है।**

मंदिर परिसर में प्रोटोकॉल ऑफिस के पास भोपाल की अफ (ऑग्मेंटेड रियलिटी) कंपनी को वर्चुअल रियलिटी तकनीक से महाकाल मंदिर की भस्म आरती दिखाने का टेंडर मिला है। कंपनी के 12 से ज्यादा कर्मचारी रोजाना श्रद्धालुओं को भस्म आरती के दर्शन करवाते हैं।

मंगलवार को कर्मचारी रचना विश्वकर्मा का जन्मदिन था। प्रोटोकॉल कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर पर साथी कर्मचारियों ने बाकायदा केक काटकर उसका बर्थडे मनाया। सेलिब्रेशन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।। वीडियो में केक काट रही युवती के साथ कर्मचारी दिखाई दे रहे हैं। युवती मंदिर परिसर में ही केक काट रही है। वीडियो में महाकाल लोक भी दिख रहा है।

### पुजारी बोले- मंदिर परिसर में केक काटना धर्म के विपरीत

वीडियो सामने आने के बाद महाकाल मंदिर समिति के पूर्व सदस्य महेश पुजारी ने कहा कि अगर जन्मदिन मंदिर में ही मनाना हो, तो महाकाल के दर्शन करें। भस्म आरती में शामिल हों, हार पहनें। पंडित जी का आशीर्वाद लेकर जन्मदिन मनाया जा सकता है। लेकिन इस तरह से मंदिर परिसर में केक काटना धर्म के विपरीत है।

### ऑग्मेंटेड रियलिटी कंपनी ने जारी किया लेटर

कंपनी ने भी मंदिर समिति को पत्र लिखा है। इसमें लिखा है कि कर्मचारियों की ओर से बिना पूर्व सूचना या अनुमति के केक कटिंग की गई थी। अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों पर एक्शन लिया गया है। कंपनी ने भविष्य में ऐसी घटना नहीं होने का आश्वासन दिया है। कंपनी ने कड़ा एक्शन लिया है। इनमें ऑपरेटर चेतना विश्वकर्मा, यश गहलोत, हर्षिता सिसोदिया, आकाश उज्जैनिया, शिवानी मकवाना, राज सरगरा, विनोद मकवाना, हर्षिता आर्या, शक्ति सिंह और राधिका त्रिपाठी को सस्पेंड किया गया है।

# वार्डन ने स्टूडेंट को पीटा, हाथ में फ्रैक्चर

## पुलिस से लिपटकर रो पड़ा बच्चा, पिता बोले- मैनेजमेंट आरोपी को बचा रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)।** जबलपुर में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के 8वीं के छात्र को हॉस्टल वार्डन ने इस कदर पीटा कि हाथ में फ्रैक्चर आ गया। चेहरे और पीठ पर पिटाई के निशान हैं। पेरेंट्स का आरोप है कि बच्चे को एक कान से ठीक से सुनाई भी नहीं दे रहा है। वहीं, मैनेजमेंट आरोपी वार्डन को बचा रहा है। छात्र के साथ सोमवार को मारपीट की गई थी।

छात्र के माता-पिता बुधवार दोपहर रीवा से जबलपुर पहुंचे और पुलिस से वार्डन की शिकायत की। मंगलवार को कॉल-डे होता है। यानी बच्चों की बात मोबाइल पर उनके पेरेंट्स से कराई जाती है। इसी दौरान पेरेंट्स से शिकायत करते हुए बच्चा खूब रोया। गौर पुलिस चौकी में भी शिकायत करते हुए एएसआई उदय सिंह से लिपटकर वह फूट-फूट कर रोया।

### छात्र ने कहा- 100 बार उठक-बैठक कराई

पीड़ित छात्र का एक हफ्ते पहले एक साथी छात्र से हॉस्टल में झगड़ा हुआ था। वार्डन ने सभी छात्रों के सामने उसे 100 बार उठक-बैठक की सजा दी थी। यह बात स्कूल प्रबंधक शाल्वी प्रजापति को पता चल गई। उन्होंने वार्डन मुकेश शर्मा को डांटा था। यह बात वार्डन को नागवार गुजरी और उसने छात्र की बुरी तरह पिटाई की। पुलिस ने आरोपी वार्डन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से वार्डन फरार है।

### पिता का आरोप- मैनेजमेंट ने वार्डन को भगा दिया

छात्र के पिता का आरोप है कि स्कूल मैनेजमेंट ने वार्डन को भगा दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल बेटे को यहां 7वीं क्लास में एडमिशन दिलाया था। इस साल वह 8वीं में है। मंगलवार रात उसने अपनी मम्मी को फोन पर बताया कि 23 सितंबर की रात 11.30 बजे वार्डन ने उसकी पिटाई की है। उस समय वह सो रहा था। इतनी बात कर वह रोने लगा और फोन कट हो गया।

इसके बाद हम रीवा से जबलपुर आए और वार्डन से पूछा कि क्यों मारा? उससे कोई जवाब देते नहीं बना। छात्र के पिता का कहना है कि सोमवार को बेटे के साथ मारपीट हुई और मंगलवार शाम 6 बजे तक स्कूल मैनेजमेंट को मालूम नहीं था कि यह घटना हो गई। इतना ही नहीं, जिस वार्डन ने बेटे को पीटा, उसी के साथ उसे किसी डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेज दिया। डॉक्टर ने पर्चे में कुछ नहीं लिखा। बेटे को डबल-डबल एंटीबायोटिक्स दे रहे हैं। जो दवा 13 साल के बच्चे को नहीं देनी चाहिए, वो दवा खिला रहे हैं।

### स्कूल प्रबंधक ने कहा- मारपीट करने वाले वार्डन को हटा दिया है

मामले में स्कूल प्रबंधक शाल्वी प्रजापति का कहना है कि बच्चे के साथ मारपीट करने वाले वार्डन को हटा दिया गया है। गौर पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र पांडेय ने बताया कि बच्चे के गाल और पीठ में चोट के निशान हैं। वार्डन ने हाथ से मारा है। उसकी तलाश की जा रही है।

# गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर, पत्नी-बेटे के शव मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर,(एजेंसी)।** ग्वालियर में नगर निगम और पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के सरकारी कॉन्ट्रैक्टर नरेंद्र सिंह चौहान, उनके बेटे आदित्य और पत्नी सीमा का घर पर ही शव मिला है। तीनों की गोली लगने से मौत हुई है। तीनों के शव बुधवार शाम 5.30 बजे मकान की पहली मंजिल पर कमरे में पड़े मिले। घटना बहोड़ापुर के बारह बीघा इलाके की है।

फायरिंग की आवाज सुनकर ग्राउंड फ्लोर से परिजन ऊपर भागे, तो तीनों लहूलुहान हालत में पड़े हुए मिले। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर है। पुलिस जांच कर रही है कि तीनों ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी की या फिर कॉन्ट्रैक्टर ने पत्नी-बेटे को गोली मारने के बाद सुसाइड किया है।

### घरेलू नौकर बोला- तीन लाशों के साथ बंदूक भी पड़ी थी

शुरूआती जांच में पुलिस को आशंका है कि घटना मंगलवार देर रात या बुधवार सुबह की हो सकती है। कॉन्ट्रैक्टर के घरेलू नौकर संतोष ने बताया ह्यमैं 10 साल से काम कर रहा हूं। सुबह 10 बजे आता हूं, शाम को चला जाता हूं। उसने कहा कि घर के लोग खाना बनाने के लिए मुझे फोन कर ऊपर बुलाते थे, तब मैं जाता था। बिना इजाजत नहीं जाता था।ह्न ह्यआज नीचे फ्लोर पर झाड़ू-पोंछा का काम खत्म कर काफी देर तक बैठा रहा। ऊपर के गेट लगे हुए थे। कॉन्ट्रैक्टर की बहन को फोन पर बुलवाया। वे आईं, तब गेट खोलकर देखे तो तीनों के शव पड़े थे। बंदूक भी पड़ी थी।

# संपादकीय


## देश अब जातियों के अंतर्संघर्ष के नए और डरावने दौर में प्रवेश कर गया

इन दिनो जाति जनगणना, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को खत्म कर इसे, बढ़ाने, एससी/ वर्ग में भी क्रीमी लेयर लागू करने के सुप्रीम के हालिया फैसले के विरोध और समर्थन, 2011 की जनगणना में जाति गणना के आंकड़े तत्कालीन यूपीए 2 सरकार और बाद में मोदी सरकार द्वारा जारी करने से कन्नी काटने तथा बिहार के नवादा में दलितों द्वारा महादलितों के घरों में आग लगाने के घटनाक्रमों को आपस में जोड़ कर देखें तो पता चलेगा कि देश अब जातियों के अंतर्संघर्ष के नए और डरावने दौर में प्रवेश कर गया है। इसका अंजाम कितना भयंकर होगा, इसे राजनीतिक दल समझ कर भी अनदेखा कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें केवल सत्ता हासिल करने से मतलब है। फिर चाहे वो किसी भी कीमत पर मिले। अमूमन बिहार और अन्य राज्यों में दलित उत्पीड़न के लिए ऊंची और दंबग पिछड़ी जातियों को ही दोषी माना जाता रहा है, क्योंकि ज्यादातर संसाधनों पर इन्हीं जातियों का कब्जा रहा है। लेकिन बिहार के नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादलित टोला में हाल में दिनो महादलितों की जमीनों पर कब्जा करने के लिए उनके घर फूंकने के मामले में जो नया एंगल सामने आया है, वह जातीय संघर्ष के नए दौर और दबंगई की नई परिभाषा की ओर गंभीर इशारा करता है। इस घटना के बाद हो रहे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को दरकिनार कर इसका का विश्लेषण करें तो इस दबंगई का मुख्य आरोपी नंदू पासवान है। जो स्वयं दलित समुदाय से है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक में अन्य 28 लोगों पर एफआईआर दर्ज की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरा मुख्य आरोपी यादव समुदाय से है। जिन लोगों के घर फूंके गए, वह रविदास और मुसहर महादलित समुदाय से आते हैं। संक्षेप में यह दबंग दलित द्वारा महादलितों पर अत्याचार का मामला है। बीजेपी ने इस अग्निकांड को 'अंतर दलित संघर्ष' की संज्ञा दी है। जबकि बाकी दल दलित अत्याचार से जोड़कर इसे बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त होना बता रहे हैं। लेकिन जो घटा है, उसका सीधा अर्थ यही है कि जिसके पास जमीन है, अब वही दबंग है, यहां वह किस जाति का है, यह गौण है। यह पारंपरिक जातिगत दबंगई से अलग है। इसमें यह संकेत भी निहित है कि जैसे जैसे वंचित समाज के पास जमीन और अन्य संसाधन आते जाएंगे, वह अपने ही वर्ग की दूसरी वंचित जातियों पर अत्याचार करने में संकोच नहीं करेगा। यह तो अभी शुरुआत है। दूसरा संदर्भ सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल के अपने फैसले में आरक्षित वर्ग की अनुसूचित जाति और जनजातियों में ओबीसी की तरह क्रीमी लेयर लागू करने का फैसला है। मोदी सरकार ने इस फैसले के व्यापक विरोध के चलते उसे 'सुझाव' बताकर ठंडे बस्ते में डाल दिया है। लेकिन इसे कितने दिन दबाया जा सकेगा, यह देखने की बात है। इस संदर्भ में हमे यह भी देखना होगा कि यह विरोध किस वर्ग से हो रहा है। फैसले का विरोध मुख्यतः उन दलित और आदिवासी समुदायों की तरफ से हो रहा है। जो बीते 75 सालों में आरक्षण के चलते सबसे ज्यादा फायदे में रहे हैं। आरक्षण अब उनका जन्मगत हक बन चुका है। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्हें अपने लाभ में खलल की तरह महसूस हो रहा है।

### अर्ज़ किया है..!

*मालूम नहीं किस से*
*कहानी मिरी सुन ली*
*भाता ही नहीं अब उन्हें*
*अफ़्साना किसी का*

*- साइल देहलवी*




धर्म-कर्म

# इंदिरा एकादशी कब है? जानें किस एकादशी से शुरू करना चाहिए व्रत



हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को इंदिरा एकादशी व्रत रखा जाता है। इस व्रत में भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इंदिरा एकादशी के दिन सिद्ध व साध्य योग बन रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में ये योग अत्यंत शुभ फलदायी माने गए हैं। एकादशी व्रत प्रारंभ के बारे में शास्त्रों में वर्णित है कि यह व्रत किसी भी एकादशी से आरंभ नहीं किया जा सकता है। जानें इंदिरा एकादशी व्रत कब है और एकादशी व्रत किस एकादशी से प्रारंभ करना चाहिए-

### इंदिरा एकादशी कब है

एकादशी तिथि 27 सितंबर को दोपहर 01 बजकर 20 मिनट पर आरंभ होगी और 28 सितंबर को दोपहर 02 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। इंदिरा एकादशी व्रत 28 सितंबर 2024, शनिवार को रखा जाएगा।

### किस एकादशी से एकादशी व्रत प्रारंभ करना चाहिए

उत्पन्ना एकादशी व्रत सभी 26 एकादशियों में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। जो भक्त एकादशी व्रत प्रारंभ करना चाहते हैं उन्हें मार्गशीर्ष कृष्ण एकादशी यानी उत्पन्ना एकादशी से प्रारंभ करना चाहिए।

शास्त्रों के अनुसार, एकादशी व्रत करने का नियम है, इसे साल में कभी भी प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। एकादशी व्रत सिर्फ उत्पन्ना एकादशी से ही प्रारंभ कर सकते हैं, क्योंकि इस एकादशी से ही व्रत प्रारंभ माना जाता है।

### उत्पन्ना एकादशी 2024 कब है

उत्पन्ना एकादशी 26 नवंबर 2024, मंगलवार को रखा जाएगा। एकादशी व्रत का पारण 27 नवंबर को किया जाएगा।

### एकादशी व्रत का महत्व

एकादशी व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि भगवान विष्णु की कृपा से जातक की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस व्रत के प्रभाव से अंत में मोक्ष की प्राप्ति की मान्यता है।

New Delhi

# अलर्ट! पैरासिटामॉल, Pan D और कैल्शियम सप्लीमेंट्स समेत कई दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली.** भारत के ड्रग नियामक, CDSCO द्वारा अगस्त में किए गए क्वालिटी टेस्ट में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, विटामिन, कैल्शियम डी3 सप्लीमेंट्स, बच्चों में बैक्टीरियल संक्रमण, एसिड रिफ्लक्स और पेट संक्रमण की कई दवाएं क्वालिटी स्टैंडर्ड पर खरी नहीं उतरीं हैं.

भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) ने अगस्त 2024 में एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की थी. इस रिपोर्ट में देशभर में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली कई महत्वपूर्ण दवाएं गुणवत्ता परीक्षण (क्वालिटी टेस्ट) में फेल पाई गईं. इन दवाओं में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एसिड रिफ्लक्स, विटामिन और कैल्शियम सप्लीमेंट्स, साथ ही बच्चों के लिए बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज के लिए दी जाने वाली एंटीबायोटिक दवाएं शामिल थीं. रिपोर्ट के अनुसार, इन दवाओं को NSQ (गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं- नो स्टैंडर्ड क्वालिटी) घोषित किया गया है.



ये दवाएं हुईं टेस्ट में फेल

रिपोर्ट में इन दवाओं की क्वालिटी, स्टैंडर्ड पर खरी नहीं उतरी

पैरासिटामोल टैबलेट्स (500 mg): हल्के बुखार और पेन किलर के तहत प्रयोग की जाती है, आमतौर पर ये प्राथमिक उपचार का हिस्सा है और हर घर में सामान्य तौर पर पाई ही जाती है.

ग्लाइमेपिराइडः यह एक एंटी-डायबिटिक दवा है, जिसका उपयोग शुगर के इलाज में किया जाता है. इसका निर्माण अल्केम हेल्थ ने किया था.

Uttarpradesh

## फिल्में देखकर बन गई पुलिस कांस्टेबल, वर्दी के साथ चप्पल पहनकर करने लगी वसूली



**सहारनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की सहारनपुर पुलिस ने एक फर्जी महिला पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला की पहचान शिवचरन की पत्नी पूजा के तौर पर हुई है. पूजा खुद को महिला हेड कांस्टेबल बताकर इलाके के लोगों पर रोब जमाती थी. पूछताछ में पूजा ने बताया कि उसने फिल्मों और अखबारों में पुलिस का काम देखकर वर्दी पहनी शुरू की और लोगों को धमका कर वसूली करना शुरू किया.

पुलिस ने आरोपी पूजा के पास से वर्दी के साथ यूपी पुलिस का बैज बरामद किया है. पुलिस ने सिविल सर्वेंट प्रतिरोपण के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है. इस मामले पर एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि इस महिला के बारे में काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि एक महिला खुद को पुलिसकर्मी बताकर देवबंद क्षेत्र में घूम रही है और लोगों को डरा धमका रही है. शिकायत मिलने पर देवबंद थाना पुलिस ने जांच शुरू की और महिला को पुलिस की वर्दी में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि महिला चप्पल पहनकर पुलिस की वर्दी पहनकर वो घूम रही थी. गिरफ्तारी के बाद महिला ने बताया कि उसने स्थानीय बाजार से खाकी कपड़ा खरीदा और उससे पुलिस की वर्दी तैयार करवाई थी. फिर वर्दी पहनकर वो घूमने लगी और लोगों को धमका कर पैसे वसूलने लगी. फर्जी पुलिसकर्मी या सिविल सर्वेंट बनकर कानून का उल्लंघन करना एक गंभीर अपराध है. पुलिस का कहना है कि लोग ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहें और यदि उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है.

Maharashtra

## पीएम मोदी का पुणे दौरा रद्द, भारी बारिश के चलते फैसला; नई मेट्रो लाइन का करना था उद्घाटन

**पुणे, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुणे दौरा रद्द कर दिया गया है। यह फैसला यहां पर हो रही भारी बरसात के चलते लिया गया है। पीएम मोदी पुणे में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले थे। वह यहां पर सिविल कोर्ट से स्वरगेट के बीच शुरू होने जा रही नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन करने वाले थे। इसके बाद प्रधानमंत्री इसी मेट्रो से स्वरगेट तक की यात्रा भी करते। फिर वहां से पीएम मोदी के एसपी कॉलेज जाने का कार्यक्रम था, जहां वह एक जनसभा को संबोधित करने वाले थे। लेकिन शहर में लगातार हो रही बारिश के चलते पीएम मोदी आज वहां नहीं जाएंगे।**

गौरतलब है कि बुधवार से ही पुणे और आसपास के इलाकों में भारी बारिश का कहर है। यहां पर 130 मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी यहां पर बारिश की चेतावनी दी है। इसके चलते पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर भी असर पड़ा था। पुणे के डीएम सुहास दिवसे ने गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने का आदेश दिया था।

Jharkhand

## झारखंड के बोकारो में पलटी मालगाड़ी रेल, 15 ट्रेनों के मार्ग बदले गए, आरपीएफ जांच में जुटी

**झारखण्ड, (एजेंसी)** झारखंड के बोकारो में एक ट्रेन हादसा हुआ है। दरअसल एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर पलट गई। इस हादसे के चलते कई ट्रेनों के संचालन में देरी हुई है और वहीं कई ट्रेनों के मार्ग को बदला गया है। ट्रेन के पटरी से उतरने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। आरपीएफ की टीम घटना की जांच कर रही है।

दरअसल बोकारो के तुपकाडीह से गुजर रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे ट्रेन के दो डिब्बे पलट गए। यह घटना तुपकाडीह और राजाबेरा सेक्शन के बीच हुई। मालगाड़ी बोकारो स्टील प्लांट से स्टील की खेप लेकर आ रही थी। ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना तुपकाडीह स्टेशन के उत्तरी केबिन यार्ड के पास हुई और इससे बोकारो-गोमो सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। हादसे के बाद डाउन



लाइन ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया गया है। आरपीएफ बोकारो की 15 सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद है और घटना की जांच कर रही है। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल ट्रैक को साफ कर ट्रेनों की आवाजाही सामान्य करने की कोशिश की जा रही है।

खेल

# टेस्ट रैंकिंग में रोहित-कोहली को हुआ नुकसान, पंत छठे स्थान पर, गुरबाज ने किया बड़ा कारनामा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में दमदार वापसी करने में कामयाब हुए हैं। इसका फायदा उन्हें आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी हुआ है। वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को पांच-पांच पायदानों का नुकसान झेलना पड़ा है। इसके अलावा वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज ने बड़ा कारनामा किया है। वह शीर्ष 10 में पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।**

दिसंबर, 2022 में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। दूसरी पारी में 26 वर्षीय बल्लेबाज ने जोरदार शतक लगाया और टेस्ट रैंकिंग में 731 अंकों के साथ छठे पायदान पर पहुंच गए। वहीं, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह पांचवें स्थान पर पहुंच गए। उनके खाते में 751 अंक हैं।



बुधवार को आईसीसी की तरफ से जारी की गई टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष चार स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट 899 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं, जबकि दूसरे पायदान पर न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन (852) मौजूद हैं। तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमशः डेरिल मिचेल (760) और स्टीव स्मिथ (757) बने हुए हैं।

नई रैंकिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान के फायदे के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। चेन्नई टेस्ट में उन्होंने कुल पांच विकेट चटकाए थे। वहीं, इस लिस्ट में शीर्ष पर अश्विन हैं। छह विकेट लेने का कारनामा करने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर 871 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने हाल ही में 37वीं बार पांच विकेट हॉल लेने का कारनामा किया था। दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 804 अंकों के साथ छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में भारत के ये तीन खिलाड़ी ही शामिल हैं।

आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग के अलावा वनडे रैंकिंग भी जारी की है। इसमें अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज को तगड़ा फायदा हुआ है। वह वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 10 पायदानों के फायदे के साथ वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 692 अंक हैं। हाल ही में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था। इस रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम 824 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर हैं।

सिनेमा

## अमिताभ पर ऐश्वर्या को नजरअंदाज करने का इल्जाम लगा रहा था यूजर, सिमी ग्रेवाल ने पोस्ट पर कमेंट कर मचाई खलबली



ऐश्वर्या राय और बच्चन परिवार के बीच चीजें ठीक नहीं हैं? इस बात का दावा सोशल मीडिया यूजर्स कर रहे हैं। यूजर्स बच्चन परिवार पर ऐश्वर्या को इग्नोर करने का इल्जाम लगा रहे हैं। यूजर्स कह रहे हैं कि बच्चन परिवार से हुए अनबन की वजह से ऐश्वर्या हर जगह या तो अकेले पहुंचती हैं या फिर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं। यूजर्स के इल्जामों के बीच हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल का कमेंट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, रेडित पर जागरूक जनता नाम के एक यूजर ने वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह बच्चन परिवार पर बेटी और बहू में फर्क करने का इल्जाम लगा रहा है। इस वीडियो पर बच्चन परिवार की दोस्त और एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने कमेंट किया है। सिमी ने अमिताभ बच्चन का बचाव करते हुए लिखा, "आप लोग कुछ नहीं जानते। ये सब बंद करें।" ऐश्वर्या पिछले दिनों बिना वेडिंग रिंग के स्पॉट हुई थीं। ऐसे में ऐश्वर्या और अभिषेक का तलाक की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया था। हालांकि, ऐश्वर्या ने तलाक की खबरों पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने बस 'पेरिस फैशन वीक 2024' में अपनी वेडिंग रिंग फ्लॉन्ट कर दी और एक झटके में सबका मुंह बंद कर दिया है।

## Highlights

1. Part of Badrinath highway blocked due to debris after heavy rain
2. 45-year-old woman drowns in open drain as heavy rains lash Mumbai
3. Student collapses while exercising at Jamnagar hostel, dies
4. Lord Shiva temple set on fire in Manipur
5. Leave Lebanon: Indian Embassy to citizens amid escalating violence

# OpenAI executives are leaving as Sam Altman company tries to raise funds: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI Chief Technology Officer Mira Murati and two other executives announced their departures as senior leaders of the ChatGPT maker has witnessed an exodus of senior leaders. This comes as the company is seeking billions of dollars in new funding to keep pace with its Big Tech rivals in the AI arms race, Washington Post reported.

Mira Murati's exit from OpenAI

Mira Murati joined the company in 2018 and had become OpenAI's most prominent executive besides Sam Altman. She represented the company at product announcements and in media interviews. On X, she wrote, "I'm stepping away because I want to create the time and space to do my own exploration."

Other exits from OpenAI

Sam Altman said that Chief Research Officer



Bob McGrew and a vice president of research Barret Zoph were also leaving the company. They said that they all made their decisions to leave independently.

Sam Altman said, "Leadership changes are a natural part of companies, especially companies that grow so quickly and are so demanding. I obviously won't pretend it's natural for this one to be so abrupt, but we are not a normal company."

Exodus of exits at OpenAI amid fundraising efforts

Several OpenAI researchers have quit over the past year alleging the company hadn't taken its own commitments to AI safety seriously enough. The turnover of personnel comes at a crucial time as OpenAI is in the midst of securing more than $100 billion in new investment funding. At the same time, the company is planning to restructure itself from being controlled by a nonprofit board bound to a charter that states OpenAI will ensure advanced AI benefits all of humanity, into a for-profit benefit corporation.

# Who is Mira Murati? CTO who resigned from Microsoft-backed OpenAI

**NEW DEIHI, (Agency).** Mira Murati, OpenAI's chief technology officer (CTO), announced her resignation from the Microsoft-backed company through an X post. She shared that she is leaving the organisation after spending six-and-a-half years there, adding that she came to the "difficult decision" after "much reflection."

Here are some things about Mira Murati, born on December 16, 1988.



Education- She attended the Pearson United World College of the Pacific in Canada at 16 after winning a scholarship. As per Live Mint, she also has a Bachelor of Arts (AB) in Mathematics from Colby College and a Bachelor of Engineering from the Thayer School of Engineering at Dartmouth College.

Career- She started her career as a "Summer Analyst" intern at Goldman Sachs. She then started working as an "Advanced Concepts Engineer" at Zodiac Aerospace before moving to Elon Musk's Tesla as a "Senior Product Manager." She joined OpenAI in 2018 as VP of "Applied AI & Partnerships." After a few years, she was promoted to CTO, a position she held for over two years. At OpenAI, she led product development, including GPT-4.

Murati's take on supposed dangers of AI- In an earlier interview with Time, she said, "There are ... a ton of questions around societal impact, and there are a lot of ethical and philosophical questions that we need to consider. And it's important that we bring in different voices, like philosophers, social scientists, artists, and people from the humanities."

कटाक्ष




# ड्रग तस्करों के साथ बदमाश भी चढ़े पुलिस के हत्थे

## 7 आरोपियों से 2 लाख का मादक पदार्थ जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में नशा कारोबार को लेकर पुलिस जीरो टालरेंस पर काम कर रही है। शाम से शुरू होने वाली धरपकड़ और चेकिंग अभियान गहराती रात तक चलता रहता है। इस दौरान कार, दोपहिया वाहन चालक के साथ नशेडियों के घर, ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस दौरान हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले के आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पिछले 24 घंटे में 7 आरोपियों से दो लाख का मादक पदार्थ जब्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। लगातार चल रही मुहिम से तस्करों में हडक्रंप मचा हुआ है।**

**कहां से किसे पकड़ा-** क्राइम ब्रांच ने रामनगर, शुक्लाजी का खाली मैदान, भूतेश्वर रोड से अमित राठौर निवासी रामनगर पंचकुइया रोड से 14.09 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। उस पर हत्या का प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी के मामले थाना मल्हारगंज में पंजीबद्ध है।

शास्त्री ब्रिज पर कार सवार युवक शुभम उपाध्याय निवासी जनता क्वार्टर परदेशीपुरा और उसके साथी कीर्तन भांड निवासी सर्वहारा नगर से 5 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया।

एमटीएच हॉस्पिटल के पीछे से मोहम्मद साजिद, आजाद नगर से मोहम्मद साबिर, भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र के पास में हेमंत उर्फ लक्की सिंह बुंदेला, मालवा मिल से आयुष वर्मा को पकड़ा है।

## कुख्यात शराब माफिया रमेश राय गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर के नामचीन शराब माफिया में शुमार रमेश राय को गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के समय राय अपने निपानिया स्थित घर पर मौजूद थे। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि गुजरात में शराब की कालाबाजारी को लेकर राय पर वर्ष 2018 में केस दर्ज हुआ था। तभी से वह फरार चल रहा था। लगातार गुजरात पुलिस उसकी गिरफ्तारी में लगी हुई थी। बुधवार को गुजरात पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी को पकड़ लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक